DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT

Pidilite

# बाथरूम की वॉटरप्रूफिंग (नया निर्माणकार्य)



## यह क्यों होता है

- कंक्रीट सुराखदार पदार्थ होने के कारण पानी सोख लेता है और उसमें रिसाव हो सकता है।
- कंक्रीट में बहुत ज़्यादा पानी का इस्तेमाल होने के कारण, यह सिकुड़ जाता है और इसमें दरारें पड़ जाती हैं।
- टाइल के बीच की ख़ाली जगह से पानी का रिसाव।
- ड्रेन आउटलेट्स और सैनिटरी जॉइंट्स से पानी का रिसाव।
- दीवार और फर्श के जोड़ से पानी का रिसाव।

## समाधान

## डॉ. फिक्सिट पिडिफिन 2K




## डॉ. फिक्सिट पिडिफिन 2K क्यों चुनें

- कंक्रीट और चिनाई की सतह के साथ मज़बूती से जुड़ता है
- 1 मिमी की मोटी फिल्म बनाता है, जो पानी को भीतर नहीं जाने देती
- 50% खिंचाव के साथ बेहद फ्लेक्सिबल कोटिंग, जो 1 मिमी तक की दरारें भर सकती है
- विष–रहित
- पानी के रिसाव का उत्तम प्रतिरोध

## इस्तेमाल कैसे करें




**चरण 1**

सतह को वायर ब्रश और पानी से अच्छी तरह साफ़ करें।




**चरण 2ए**

1:3 के सीमेंट–रेत अनुपात पर **डॉ. फिक्सिट पिडिक्रीट यूआरपी** (सीमेंट के वज़न का 10%) द्वारा संशोधित मॉर्टर से प्राइम (1 यूआरपी : 1 सीमेंट) और मरम्मत करते हुए सभी दरारें भरें।




**चरण 2बी**

ड्रेन आउटलेट पाइप पर **डॉ. फिक्सिट बाथसील** टू–वे टेप लगाया जाना चाहिये और खाली जगह **डॉ. फिक्सिट पिडिग्राउट 10M** से भरी जानी चाहिये।





**चरण 3**

दीवार और फर्श के जोड़ को साफ़ करें और 1:3 के अनुपात में मिलाये गये सीमेंट–रेत मॉर्टर को डॉ. फिक्सिट पिडिक्रीट यूआरपी के साथ मिलाकर जोड़ पर ऐंगल फिलेट/वाटा तैयार करें। ऐंगल फिलेट के हिस्से में पहली कोट के ऊपर 150 मिमी चौड़ी 45 जीएसएम ग्लास फाइबर मेश बिछायें।




**चरण 4**

डॉ. फिक्सिट पिडिफिन 2K की 2 कोट्स 4–6 घंटों के अंतराल के साथ 6 स्क्वे. फुट/किग्रा की दर से लगायें। प्रत्येक कोट पिछली कोट की लंबवत दिशा में लगाई जानी चाहिये। मदर स्लैब पर कोटिंग चढ़ायें और दीवार पर फिनिश फ़्लोर लाइन (FFL) से 1000 मिमी ऊपर तक जारी रखें।





**चरण 5**

बॉन्ड कोट लगायें (1 भाग सीमेंट + 1 भाग यूआरपी + 1 भाग दरदरी रेत) और उसे 4–6 घंटों तक सूखने दें।




**चरण 6**

ऊपर से **डॉ. फिक्सिट पिडिप्रूफ LW +** (200 मिली प्रति बोरी सीमेंट) के साथ 12–15 मिमी सुरक्षात्मक प्लास्टर (1 भाग सीमेंट + 3 भाग रेत) लगायें।




**चरण 7**

डॉ. फिक्सिट/रॉफ टाइल एडहेसिव द्वारा टाइल लगायें और टाइल के बीच की खाली जगह टाइल ग्राउट से भरें।

✆ 1800 209 5504 | info.drfixit@pidilite.com | www.drfixit.co.in

डॉ. फिक्सिट वॉटरप्रूफिंग गाइड के लिये 57575 पर <DF> एसएमएस करें